भारतीय वाङ्मय

हिन्दी तथा अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के साहित्यिक-सांस्कृतिक समाचारों की मासिक पत्रिका

वर्ष 3 | **जनवरी** 2002 | **अंक** 1

डॉ० बदरीनाथ कपूर

भाषा विज्ञान एवं कोशशास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान् **डॉ० बदरीनाथ कपूर** का सम्मान किया उ०प्र० हिन्दी संस्थान, लखनऊ ने। डॉ० कपूर को 'विद्या भूषण' का अलंकरण मिला है। इस पुरस्कार की राशि 50 हजार रुपया है। पंजाब में जन्मे डॉ० कपूर ने पाकिस्तान बनने की त्रासदी को बड़ी गहराई से झेला। 1947 में अकालगढ़, गुजराँवाला पंजाब के निवासी बदरीनाथ कपूर के मकान में दंगाई घुस गये, इनके पिता ने किसी तरह इन्हें भगा दिया। ये घर से निकल रहे थे तभी इन्होंने देखा इनके माता-पिता कत्ल कर दिये गये हैं। किसी तरह वाराणसी आये यहाँ अपने मामा प्रसिद्ध कोशकार बाबू रामचन्द्र वर्मा के यहाँ वाराणसी में रहने लगे। वर्माजी ने इन्हें कोश और व्याकरण के निर्माण में दीक्षित किया। आरम्भ से ही ये कोश के कार्य में लगे हैं। भाषाशास्त्र पर ही इन्होंने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से पी-एच०डी० उपाधि प्राप्त की थी।

डॉ० कपूर के प्रमुख ग्रंथ हैं— १. वैज्ञानिक परिभाषा कोश, २. आजकल की हिन्दी, ३. हिन्दी अक्षरी, ४. अंग्रेजी हिन्दी पर्याय कोश, ५. शब्द परिवार कोश, ६. लोक भारती मुहावरा कोश, ७. परिष्कृत हिन्दी, ८. हिन्दी व्याकरण की सरल पद्धति, ९. लिपि, वर्तनी और भाषा, १०. हिन्दी प्रयोग कोश आदि।

पिछले वर्ष इनका 'अंग्रेजी हिन्दी कोश' छोटे-बड़े दो रूपों में छपा है। इस कोश की बड़ी प्रतिष्ठा हुई। कोश निर्माण के क्रम यह डॉ० कपूर का महत्त्वपूर्ण अवदान है। इसके पूर्व भी डॉ० कपूर को अहिंदीभाषी लेखक को मिलने वाला सौहार्द सम्मान मिल चुका है। उ०प्र० हिन्दी संस्थान ने डॉ० कपूर का सम्मान कर सम्मानों के क्रम में बधाई का कार्य किया है।

महामना की गरिमा की रक्षा करें

25 दिसम्बर को महामना पं० मदनमोहन मालवीय की जन्मतिथि पर समारोह सारे भारत में मनाया गया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जो मालवीयजी की कर्मभूमि है, के अध्यापकों ने भी मालवीयजी के सपनों को पूर्ण करने का संकल्प लिया। महामना जयन्ती पर कुलपति प्रो० वाई०सी० सिम्हाद्री ने मालवीय भवन में मालवीयजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विश्वविद्यालय के कतिपय अध्यापकों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दूसरी ओर मालवीयजी के सपनों को साकार करने और उनके आदर्शों का बखान करने वाले छात्रों की भाँति अध्यापकों ने अध्यापक संघ भवन में पन्द्रहवें दिन के अनशन की शुरुआत की। तीसरी ओर छात्र विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी मालवीयजी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। विचारणीय है कि मालवीयजी के स्वप्न क्या थे और उनको पूरा करने लिए किस प्रकार संकल्प किये जा रहे हैं। शिक्षकों द्वारा धरना, अनशन और प्रदर्शन छात्रों की शैली में और छात्रों को कुलपति के विरुद्ध आन्दोलन के लिए प्रेरित करना, क्या यह मालवीयजी के आदर्शों का प्रथम चरण है? दूसरा चरण इससे कहीं अधिक भयानक होगा। जब वे ही छात्र अध्यापकों के समक्ष उन्हीं की शैली में व्यवहार करेंगे तब आदर्श के लिए त्याग और धैर्य की बात कही जायेगी। क्या पद और आर्थिक लाभ के लिए ही आन्दोलन करने से मालवीयजी के स्वप्न पूर्ण होंगे? विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध असंतोष व्यक्त करने के रचनात्मक तरीके भी हैं—न्यायालय, प्रतीक प्रतिवेदन किन्तु सड़कों पर उतरकर सड़क की भीड़ को शामिल कर लेना कैसी बुद्धिमानी है?

मालवीयजी के विराट स्वप्न के इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय के साथ केन्द्र भी कैसे खेल खेल रहा है। अनिश्चय और अनिर्णय इसकी नियति बन गई है। विजिटर के द्वारा निर्णय में विलम्ब ने इस विश्वविद्यालय को सड़क पर चर्चा का विषय बना दिया है। ऐसे वातावरण में निर्णय के प्रतिफल में जो कुलपति बनकर आयेगा उसकी क्या गति होगी, विश्वविद्यालय को वह कैसे चलायेगा, यह उसकी अग्नि परीक्षा होगी।

—पुरुषोत्तमदास मोदी

पुरस्कार-सम्मान

साहित्य अकादमी पुरस्कार

हिन्दी की युवा लेखिका **अलका सरावगी** और प्रसिद्ध अंग्रेजी पत्रकार एवं लेखक **राजमोहन गाँधी** सहित विभिन्न भाषाओं के 22 रचनकारों को वर्ष 2001 के साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है। सुश्री सरावगी को यह पुरस्कार उनके हिन्दी उपन्यास **कलि कथा वाया बाई पास** के लिए जबकि श्री गाँधी को उनके अंग्रेजी जीवनवृत्त **राजाजी ए लाईफ** के लिए दिये जायेंगे। सभी 22 भाषाओं में पुरस्कृतों को चुनने के लिए तीन-तीन प्रसिद्ध विद्वानों की एक चयन समिति बनाई गई थी।

यह पुरस्कार 19 फरवरी, 2002 को एक समारोह में दिए जाएँगे। पुरस्कृत 22 रचनाकारों के नाम व कृतियाँ इस प्रकार हैं—असमिया : एधानी महीर-हान्ही महिम बरा, बांग्ला : पंचासटि गल्प-अतिन बंद्योपाध्याय, डोगरी : निधे रंग-विरेन्द्र केसर, अंग्रेजी : राजाजी ए लाइफ-राजमोहन गाँधी, गुजराती : आगंतुक-धीरुबेन पटेल, हिन्दी : कलिकथा वाया बाइपास-अलका सरावगी, कन्नड़ : इंग्लिश साहित्य चरित्रे : साहित्य का इतिहास-एल०एस० शेषगिरि राव, काश्मीरी : रेखे-स्व० मोहिउद्दीन गौहर, कोंकणी : यमन-माधव बोरकार, मैथिली : प्रतिज्ञा पांडव-स्व० बबुआजी झा, मलयालम : आट्टूर रविवर्मयुटे कवितकल-आट्टूर रवि वर्मा, मणिपुरी : खोड्जी मखोल-एन० सुनिता, मराठी : तणकट-राजन गवस, नेपाली : आहत अनुभूति-लक्खीदेवी सुन्दास, ओड़िया : तन्मय धूली-प्रतिभा सतपथी, पंजाबी : शब्दांत-देव, राजस्थानी : घराणो-अब्दुल वहीहद, संस्कृत : को वै रसः-पी०श्रीरामचन्द्रुडु, सिन्धी : भगत-प्रेम प्रकाश, तमिल : सुदंतिर दागम-स्व० सी०एस० चेल्लप्पा, तेलुगु : हम्पी नुंची हडप्पा दाका-स्व० तिरुमला रामचंद्र, उर्दू : ताऊस चमन की मैना-नय्यर मसूद।

'कलिकथा : वाया बाईपास' बीते दशक या शताब्दी के अन्तिम चौथाई की सबसे उल्लेखनीय कृतियों में एक है इतिहास और कथा के बीच, तीन पीढ़ियों की कहानी के बीच और तीन-चार तरह की कथा-भाषा के बीच लेखिका जिस सुगमता से कुलांचे भरती हुई कभी आगे जाती है, कभी पीछे आती है वह लगभग हैरान करने वाला अनुभव है। एकदम स्वच्छ मन वाले और दुनियादारी के मामले में 'बुड़बक' घोषित हो गए नायक-किशोर बाबू की तीन पीढ़ियों की कहानी के बहाने कलकत्ता में बसे मारवाड़ी समाज, कलकतिया समाज, आजादी की लड़ाई, स्वतंत्रता के पहले पचास वर्षों के अनुभवों और अच्छे-बुरे के बीच अच्छे के साथ चलती यह कहानी हमें जब इस पूरे सौ साल के मूल्यांकन के लिए विवश कर देती है तो कथा लेखिका की सफलता का परचम भी फहरने लगता है।

कथा और इतिहास के अद्भुत मेल और उपन्यास की भाषा के बँधे-बँधाए ढाँचे को तोड़ना, इन दोनों दृष्टियों से 'कलिकथा : वाया बाईपास' एकदम नएपन का एहसास देता है। जाहिर है इस उपन्यास को पुरस्कार मिलने की खबर से पुरस्कारों की राजनीति, बँधे बँधाए फार्मूले और साहित्यिक खेमेबंदियों के टूटने का आभास देते हैं। **— हिन्दुस्तान(सम्पादकीय)**

पुरस्कार कृति को मिलता है लेखक को नहीं। लेखन एक अनवरत यात्रा है, जिससे जीवन को एक नये दृष्टिकोण से समझा जा सकता है। मेरे लिए लिखना महत्त्वपूर्ण है। लगातार लेखन को मैं पुरस्कारों से ज्यादा महत्त्व देती हूँ।

लेखक का काम लिखना होता है। मैं अपने उपन्यासों के माध्यम से जीवन को समझने की कोशिश करती हूँ।

इतिहास एक डाक्यूमेंट होता है। जबकि स्मृति तो इतिहास क्या, किसी खास व्यक्ति के पास से देखने का एक टूल है। इतिहास से किसी एक खास चरित्र को, जो हाशिये पर चला जा चुका होता है, स्मृति के सहारे ही उभारा जा सकता है। इसी स्मृति के सहारे वर्तमान को भी समझा जा सकता है। **— अलका सरावगी**

जानकीवल्लभ शास्त्री
भारत-भारती से सम्मानित

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 17 दिसम्बर को एक भव्य समारोह में लब्धप्रतिष्ठ हिन्दीसेवियों को वर्ष 2000 के अलंकरणों से विभूषित किया गया। गन्ना संस्थान सभागार, लखनऊ में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के राज्यपाल भाई महावीर थे।

समारोह की अध्यक्षता उ०प्र० विधान सभा के अध्यक्ष केसरीनाथ त्रिपाठी ने की, श्री त्रिपाठी हिन्दी संस्थान के पदेन अध्यक्ष भी हैं।

वर्ष 2000 के लिए हिन्दी संस्थान का **सर्वोच्च सम्मान भारत-भारती** वरिष्ठ हिन्दी सेवी **आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री** को प्रदान किया गया। अस्वस्थ होने की वजह से श्री शास्त्री स्वयं आज के इस सम्मान समारोह में शामिल नहीं हो सके, उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया, जिन्हें मध्य प्रदेश के राज्यपाल भाई महावीर ने संस्थान की ओर से **इस सम्मान के तहत वाग्देवी की प्रतिमा, ताम्रपत्र और 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि का चेक भेंट किया।** दो लाख रुपये की राशि का **लोहिया साहित्य सम्मान** पौराणिक कृतियों के यशस्वी रचनाकार वाराणसी के **मनु शर्मा** को प्रदान किया गया। इसके अलावा इतनी ही राशि का **महात्मा गाँधी सम्मान** चर्चित कथाकार गिरिराज किशोर को, **हिन्दी गौरव सम्मान** वयोवृद्ध हिन्दीसेवी रामेश्वर दयाल दूबे को, **अवंतीबाई सम्मान** डॉ० बृजेन्द्र अवस्थी को और **पं० दीनदयाल उपाध्याय सम्मान** डॉ० शरण बिहारी गोस्वामी को प्रदान किया गया।

पचास हजार रुपये की राशि के **साहित्य भूषण सम्मान** से कुल ग्यारह हिन्दी सेवी विभूषित किये गये, जिनमें डॉ० विश्वनाथ तिवारी, प्रेमशंकर मिश्र, डॉ० सुरेश गौतम, डॉ० शिवशंकर त्रिपाठी, श्रीमती चित्रा मुद्गल, डॉ० शिवबहादुर सिंह भदौरिया, डॉ० दुर्गाशंकर मिश्र, डॉ० सीतेश आलोक, स्वदेश भारती, सत्यनारायण द्विवेदी 'श्रीश' और डॉ० विष्णुदत्त 'राकेश' शामिल हैं।

विदेश में राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय कार्य करने वाले हिन्दीसेवी को दिया जाने वाला **प्रवासी भारतीय हिन्दी भूषण सम्मान** डॉ० इन्दु प्रकाश पाण्डेय को प्रदान किया गया।

वर्ष 1999 और वर्ष 1998 के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित घोषित हुए हिन्दी सेवी चूँकि इन वर्षों के अलंकरण समारोह में उपस्थित नहीं हो पाये थे, इसलिए वर्ष 1999 के लिए इस पुरस्कार से डॉ० श्याम मनोहर पाण्डेय और वर्ष 1998 के लिए डॉ० विवेकानंद शर्मा को भी आज सम्मानित किया गया। आज के इस समारोह में **हिन्दी विदेश प्रसार सम्मान** डॉ० महेन्द्र किशोर वर्मा और सुश्री तितिक्षा शाह को प्रदान किया गया। जबकि पचास हजार रुपये की ही राशि का **विद्याभूषण सम्मान** डॉ० बदरीनाथ कपूर, **पत्रकारिता भूषण सम्मान** डॉ० भगवानदास अरोड़ा, **लोक भूषण सम्मान** राम गोपाल शर्मा 'दिनेश', **विज्ञान भूषण सम्मान** डॉ० देवेन्द्र शर्मा, **कला भूषण सम्मान** डॉ० रमेश गौतम को प्रदान किया गया। **बाल साहित्य भारती सम्मान** से डॉ० रोहिताश्व अस्थाना सम्मानित किये गये।

अन्य भारतीय भारतीय भाषाओं के विद्वानों द्वारा हिन्दी में उल्लेखनीय लेखन के लिए दिये जाने वाले **सौहार्द सम्मान** से कुल नौ अन्य भाषाभाषी हिन्दी सेवी सम्मानित किये गये। ये हैं पंजाबी भाषी डॉ० जा० आशीर्वादम, सिन्धी भाषी डॉ० दयाल कोटूमल धामेजा 'आशा', उर्दू भाषा के डॉ० दीन मोहम्मद 'दीन', तेलुगुभाषी डॉ० एम० वेंकटेश्वर, गुजरात के डॉ० बलवंत शांतिलाल जानी, ओड़िया भाषी सुश्री मंजू शर्मा महापात्र, कश्मीरी भाषी युवा साहित्यकार व पत्रकार महाराज कृष्ण भरत, उर्दू की कुमार निखत बेगम। इनमें से डॉ० जा० आशीर्वादम और डॉ० बलवंत शांतिलाल जानी अनुपस्थित रहे।

वर्ष 1998 में प्रकाशित पुस्तकों पर दिये जाने वाले **नामित पुरस्कारों** से डॉ० गिरिराज शरण अग्रवाल, डॉ० आद्याप्रसाद सिंह 'प्रदीप', गयाप्रसाद

तिवारी 'मानस', अशोक द्विवेदी, डॉ० शेर सिंह बिष्ट, रघुवर दयाल श्रीवास्तव, धर्मपाल 'अकेला', डॉ० गिरिराज शाह, सद्युम्न आचार्य, डॉ० राम प्यारे मिश्र, डॉ० रमाकांत, डॉ० सन्तु कुमार, डॉ० अजब सिंह, डॉ० शिव प्रसाद डबराल 'चारण', नीलम श्रीवास्तव, प्रभु झिंगरन, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ० नीरजा माधव, से०रा० यात्री, डॉ० दिनेश मणि, डॉ० शशि तिवारी, सुश्री अलका पाठक और डॉ० नरसिंह श्रीवास्तव सम्मानित किये गये।

नीरज को
प्रथम माणिक वर्मा पुरस्कार

पद्मश्री गोपालदास नीरज को प्रथम माणिक वर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कस्तूरी संस्थान हरदा माणिक वर्मा सांस्कृतिक एवं परमर्थिक न्यास के सौजन्य से 24 दिसम्बर को राजधानी में आयोजित एक समारोह में श्री नीरज को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये नकद, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट किये गये।

रमणिका फाउंडेशन

रमणिका गुप्ता फाउंडेशन, ए-221, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-24 इस वर्ष 'दलित विमर्श', 'स्त्री विमर्श', 'साम्प्रदायिक सद्भाव एवं जनवादी विमर्श' पत्रकारिता/सम्पादन पर क्रमश: **बिरसा मुण्डा, सावित्रीबाई फुले** तथा **सफदर हाशमी** सम्मान प्रदान करेगा।

भारतीय प्रतिमालक्षण
को
आचार्य नरेन्द्रदेव पुरस्कार

मध्यकालीन प्रतिमालक्षण पुस्तक पर राज्यपाल श्रीविष्णुकान्त शास्त्रीजी ने 8 नवम्बर 2001 को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के इतिहास विधा के अन्तर्गत वर्ष 1997 के **आचार्य नरेन्द्रदेव नामित पुरस्कार** से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला इतिहास विभाग के **डॉ० मारुतिनन्दन तिवारी** तथा **डॉ० कमल गिरि** को उनकी पुस्तक **भारतीय प्रतिमालक्षण** के लिए पुरस्कृत किया है। यह उल्लेखनीय है कि इसी पुस्तक पर लेखकद्वय को इन्दिरागाँधी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। इससे पूर्व इन्हीं लेखकद्वय की पुस्तक **मध्यकालीन भारतीय मूर्तिकला** भी आचार्य नरेन्द्रदेव पुरस्कार से पुरस्कृत हो चुकी है। **दोनों ही पुस्तकें विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी द्वारा प्रकाशित हैं।**

इतिहासकार अधिवेशन

भारतीय इतिहास कांग्रेस के भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय 62वें अधिवेशन के दौरान हिन्दी की उपेक्षा को लेकर कतिपय इतिहासकारों ने अधिवेशन परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया। अंग्रेजी के प्रभुत्व को बनाये रखने वाले वामपंथी इतिहासकार पूरे अधिवेशन में छाये रहे।

महाभारत के कथानक पर आधारित डॉ० युगेश्वर का नवीनतम उपन्यास

हस्तिनापुर का शूद्र महामात्य

लोगों को आश्चर्य होता है। महाभारत में नीतिशास्त्र के सबसे महत्त्वपूर्ण वक्ता विदुर हैं। कौरव कुल के महामात्य विदुर शूद्र शरीर में धर्म के अवतार हैं। कौरवों के महामात्य होकर भी वे महाभारत युद्ध से अलग हैं। हर क्षण सत्य बोलते हैं, सत्य करते हैं। युधिष्ठिर, धृतराष्ट्र एवं श्रीकृष्ण समान भाव से उन पर विश्वास करते हैं। न चाह कर भी दुर्योधन उन्हें बर्दाश्त करता है। उन्होंने लाक्षागृह में जलने से पाण्डवों की रक्षा की थी। द्यूत की निंदा की थी। दुर्योधन को बार-बार डाँटा था। धृतराष्ट्र को उत्तम सलाह दी थी—वे दुर्योधन का त्याग करें, यह कुल नाशक है।

उनमें शूद्र होने की हीनता का नितांत अभाव है। सभा में दु:शासन द्रौपदी को नंगा कर रहा था। उस समय भीष्म जैसे महारथी, महात्मा भी मौन हैं। वे मन से पाण्डवों के साथ हैं। किन्तु तन कौरवों को दे दिया है। कौरवों के लिये ही मरते, मारते हैं। विदुर में ऐसा कोई द्वैध नहीं है। उनका पक्ष सीधा और स्पष्ट है। रिश्ते में वे पाण्डव एवं कौरव दोनों के चाचा हैं। किन्तु पाण्डवों के मौसा भी हैं। विदुर पत्नी पाण्डव माता कुंती की बहन है। पाण्डव को 13 वर्षों का वनवास भोगना है। पाण्डव द्रौपदी के साथ वन गए। पाण्डव माता कुंती विदुर के घर रहीं। उस घर में रहते कुंती ने कृष्ण से कहा—''भतीजे कृष्ण, युधिष्ठिर से कहना क्षत्राणियाँ युद्ध के लिये, अन्याय से लड़ने एवं प्रजा रक्षा के लिये ही पुत्र उत्पन्न करती हैं। वह समय आ गया है, जब पाण्डवों को कौरवों से युद्ध करना चाहिए।'' कुंती की यह अपील अत्यंत मार्मिक थी, मानो स्वयं विदुर बोल रहे हैं।

कौरवों और पाण्डवों में समझौता कराने श्रीकृष्ण हस्तिनापुर आये थे। दुर्योधन ने कृष्ण की बात नहीं मानी। उलटे श्रीकृष्ण को कैद करना चाहा। विदुर ने इसे दुर्योधन की मूर्खता की संज्ञा दी। कृष्ण ने दुर्योधन के भव्य भोजन और निवास को अस्वीकार कर दिया। वे विदुर की कुटिया में ठहरे। उन्हीं के द्वारा प्रस्तुत सागपात का सामान्य भोजन किया। इससे विदुर के रहन-सहन का भी पता लगता है। महामात्य होकर भी विदुर ने श्रीकृष्ण को अपने यहाँ ठहराने में संकोच नहीं किया। इससे उनकी सत्य-निष्ठा और अभय का ज्ञान होता है। उन्होंने कृष्ण के लिये कोई विशेष व्यवस्था नहीं की। जैसे रहते थे वैसा रखा। जो खाते थे वह खिलाया। विदुर ने कभी भी महामात्य पद का दुरुपयोग नहीं किया। पाण्डवों को बचाया अवश्य। किन्तु कौरवों के नाश का कोई उपक्रम नहीं किया। भयानक द्वंद्वों, युद्धों एवं स्वार्थों के बीच महामात्य का पद सँभालते हुए भी विदुर द्वंद्व रहित हैं।

विदुर ने कभी, किसी भी स्तर पर शस्त्र नहीं ग्रहण किया। उनका सम्पूर्ण व्यक्ति अहिंसक सत्याग्रही का है। वे राजभवन, राजकुल में रहकर उसकी उन्नति चाहते हुए भी सबसे भिन्न हैं। न अनुचित लाभ लेते हैं, न देते हैं। साधारण रहन-सहन में ही सुख मानते हैं। इस महान् अहिंसक योद्धा, शूद्र महामात्य एवं सत्याग्रही की ओर ध्यान जाना आवश्यक है। विदुर की कथा भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन को दिशा देती है।

150.00

पाश्चात्य देशों के लोग हमें सेकुलरिज्म का अर्थ बताते हैं जो स्वयं अन्य धर्मों का आदर नहीं करते। वस्तुत: धर्मनिरपेक्ष कुछ भी नहीं है। पिता, पुत्र, अध्यापक, छात्र, पति-पत्नी सभी का कोई न कोई धर्म होता है। यह अलग बात है कि हम सभी के धर्मों का आदर करते हुए अपने धर्म के प्रति निष्ठा व्यक्त करें। जिस प्रकार नदी किसी भी दिशा से बहे समुद्र की ओर ही जाती है। उसी प्रकार व्यक्ति किसी भी रास्ते पर चले, उसका इष्ट कोई भी हो। यदि उसके प्रति व्यक्ति श्रद्धा, आस्था और निष्ठा रखता है तो एक ही स्थान पर पहुँचेगा। इस प्रकार व्यक्ति अपने इष्ट में सम्पूर्ण सृष्टि को देखता है। इससे संकीर्णता समाप्त होती है। सर्वधर्म समभाव भारतीयता की पहचान है। जिस दिन यह लुप्त हो जायेगा उसी दिन भारतीयता संकट में पड़ जायगा।

—विष्णुकान्त शास्त्री
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

पत्र-पत्रिकाएँ

मड़ई (वार्षिक) 2001
सम्पादक-प्रकाशक : डॉ० कालीचरण यादव
सम्पर्क : बनियापारा, जून बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
लोक संस्कृति, लोक साहित्य, लोककला, लोकजीवन पर विशिष्ट सामग्री से परिपूर्ण ज्ञानवर्धक संग्रहणीय विशेषांक, 232 पृष्ठों में सुन्दर कलात्मक मुद्रण। डॉ० यादव को असीम बधाई।

सुधारक (द्वैमासिक)
सम्पादक : दिवाकर
सम्पर्क : मोहिनी भवन, धरमपैठ, नागपुर
(वार्षिक 40.00)

समकालीन जनमत (त्रैमासिक)
सम्पादक : रामजी राय
सम्पर्क : मदनधारी भवन, एस०पी० वर्मा रोड
पटना-1 (वार्षिक 120.00)

योग मंजरी (त्रैमासिक)
भारतीय योग संस्थान
सम्पर्क : ए०डी० 24, शालीमार बाग, दिल्ली-88
(वार्षिक 40.00)

युद्धरत आम आदमी (त्रैमासिक)
सम्पादक : रमणिका गुप्त
सम्पर्क : ए 221, डिफेंस कालोनी
नयी दिल्ली-24 (वार्षिक 80.00)

अक्षर पर्व (वार्षिकी)
सम्पादक : आलोकप्रकाश पुतुल
सम्पर्क : देशबंधु परिसर, रायपुर-492200
(25.00)

हम इन्हें भूलते जा रहे हैं

डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल की जयन्ती

हिन्दी समाज दिनों दिन स्मृति लोप का शिकार होता जा रहा है। अपने उन पुरखों को याद करने में भी हम स्मृति दारिद्र्य का परिचय दे रहे हैं जिनका योगदान हमारी भाषा व साहित्य के लिए बेहद जरुरी है। ऐसे ही स्मृति योग्य मनीषी रहे हैं पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल जिनकी जन्मशती चुपचाप बीत गयी और हिन्दी जगत ने जिन्हें याद भी नहीं किया।

2 दिसम्बर 1901 को गढ़वाल के पाली गाँव में डॉक्टर बड़थ्वाल का जन्म हुआ। गढ़वाल, लखनऊ और कानपुर में शिक्षा प्राप्त कर चुके बड़थ्वाल 1926 ईस्वी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक हुए। 1928 में हिन्दी एम०ए० के प्रथम बैच में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सन् '30 में बड़थ्वाल जी यहीं के हिन्दी विभाग में नियुक्त हुए। बाद में उन्होंने 'ट्रेडिशन्स ऑफ इण्डियन मिस्टिसिज्म बेस्ड अपॉन दि निर्गुण स्कूल ऑफ हिन्दी पोएट्री' विषय पर पहला मौलिक शोध प्रबन्ध तैयार किया। यह सन् '36 में प्रकाशित हुआ और डॉक्टर बड़थ्वाल बेहद चर्चित हो गए। 1933 में इस पर डी०लिट्० की उपाधि मिली। बाद में यह शोध प्रबन्ध 'हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय' शीर्षक से अनूदित भी हुआ। इस ग्रन्थ को आज भी संदर्भ के लिए सर्वाधिक उद्धृत किया जाता है। हिन्दी सेवी के रूप में डॉक्टर बड़थ्वाल ने कई भूमिकाएँ निभायीं। विद्यार्थी जीवन में उन्होंने 'मनोरंजनी' नामक एक हस्तलिखित पत्रिका भी निकाली। कानपुर प्रवास के दौरान उन्होंने 'हिलमैन' का प्रकाशन भी किया। उन्होंने 70 से अधिक निबन्ध लिखे जो साहित्य के तत्कालीन प्रश्नों के निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रस्थान थे और आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अनेक सम्पादित ग्रन्थों की शोध परक भूमिकाएँ लिखीं। गोरखवाणी, रामानंद की हिन्दी रचनाएँ आदि पुस्तकों की भूमिकाओं ने उन रचनाओं के महत्त्व को प्रमाणित किया। उनके निबन्धों को बाद में सम्पूर्णानन्द, भगीरथ मिश्र और गोविन्द चातक जैसे विद्वानों ने सम्पादित किया।

कुछ कारणों से डॉक्टर बड़थ्वाल ने बी०एच०यू० छोड़कर सन् '38 में लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापक के रूप में कार्य शुरू कर दिया। हालाँकि अपने काशी प्रवास के दौरान बड़थ्वाल ने सन् '30 में अवैतनिक रूप से नागरी प्रचारिणी सभा से जुड़कर कुछ गम्भीर कार्य भी किए थे। उन्हें आयु बहुत कम मिली थी, मगर उनकी सक्रियता सदा बनी रही। उन्होंने मूलगामी चिंतक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह किया। आज हिन्दी साहित्य में दलित विमर्श का जोर है। डॉक्टर बड़थ्वाल ने अपने एक निबन्ध में काफी पहले लिखा था—''शूद्रों को हरिजन कहना उनके हृदय से आत्मसम्मान की जड़ काटने जैसा है।'' इस तरह की चिंताओं से उनके सरोकार बेहद पुराने हैं। वे एक बेहतर अध्यापक के रूप में हिन्दी विभाग बी०एच०यू० में प्रतिष्ठित थे। उनके प्रिय शिष्यों में शिवमंगल सिंह 'सुमन' भी हैं। सुमन जी कहा करते हैं कि बड़थ्वाल जी के प्रशंसकों में रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे लोग भी रहे। डॉक्टर रामविलास शर्मा कहा करते थे कि बड़थ्वाल जी की शोध-दृष्टि भविष्य के चिंतकों के लिए लगातार जरूरत बनती रही क्योंकि उनका कार्य समाज-सापेक्ष था। निर्गुण सम्प्रदाय को उजागर करने वाले इस विद्वान् ने 24 जुलाई 1944 को इहलीला समाप्त की। आज के दौर में उन्हें याद करना ज्यादा जरूरी है, मगर भुलाए रखने की प्रथाओं के हम शिकार हैं। **—प्रदीप तिवारी**

साहित्य का तीसरा पक्ष

भारत में कम्युनिस्टों का मुख्य गढ़ बंगाल और केरल है। किन्तु वहाँ के साहित्य पर उनका कोई अधिकार नहीं है। यह अधिकार मुख्यत: हिन्दी प्रदेश पर है। स्थिति यह है कि गैर कम्युनिस्ट होना असाहित्यिक होने जैसा है। अपनी साहित्यिक शक्ति नहीं, संगठन शक्ति के बल कम्युनिस्टों ने साहित्य की ऊर्जा को अपनी मुट्ठी में कर लिया है। बिना पढ़े-लिखे भी वे साहित्य के नेता हैं। विश्वविद्यालयों के हिन्दी विभाग, पत्र-पत्रिकाएँ, सरकारी, गैर सरकारी पुरस्कारों, पदों को कम्युनिस्ट साहित्यकारों ने अपना साम्राज्य बना रखा है। जिसे चाहे दें, न दें। प्रत्येक शहर में, कार्यालयों में उनके सिपाही हैं। उनके आतंक हैं। इस आतंक के मारे लोगों को बलात् जय-जयकार करना होता है।

साहित्य में कम्युनिस्ट नेता की इस महती शक्ति के बावजूद किसी कम्युनिस्ट साहित्यकार का राजनीतिक सम्मान नहीं है। साहित्य के मसीहा के लिये शासन में हिस्सेदारी का पूर्णत: अभाव है। कुछ दिनों पूर्व एक कम्युनिस्ट साहित्यकार का जन्मदिन राजधानी में मनाया गया। वहाँ कोई कम्युनिस्ट नेता नहीं था। हाँ, जाति के कई नेता थे, जो कभी कम्युनिस्ट नहीं हैं। यह साम्यवाद और जातिवाद का मेल है। जैसे स्वतंत्रता आन्दोलन के समय साम्यवाद और लीग का मेल था। जब एक जाति, एक संगठन किसी को नेता मान लेता है तो दूसरे भी उसे मानने लगते हैं।

कम्युनिस्टों के साहित्य साम्राज्य में एक बड़ा हिस्सा अफसरों और पत्रकारों का भी है। वे भी स्वयं को अपने भाइयों, बहनों, पत्नियों, पिताओं आदि को सरकारी पद, प्रतिष्ठा पुरस्कार दिला देते हैं। इन सब स्थितियों से साहित्य में भयानक गिरावट आई है। अब साहित्य साधना नहीं, साधन, संगठन और सत्ता शक्ति मात्र रह गया है।

इधर एक नया वर्ग साहित्य में प्रवेश कर रहा है। वह अपने को दलित साहित्यकार घोषित करता है। कम्युनिस्टों का आधार वर्गवाद जैसा था। कहने में तो था ही, दलित जातिवाद वाला है।

जैसे कम्युनिस्टों का लिखा या उनसे प्रशंसित साहित्य की ही प्रतिष्ठा थी। वैसे ही दलित द्वारा लिखा साहित्य ही प्रतिष्ठा पाएगा। सम्भव है किसी दिन दलित गैर साहित्य को प्रतिबंधित कर दे। कम्युनिस्टों ने उपेक्षा की थी। कुछ को अपने अनुकूल घोषित कर सम्मानित भी किया था। यद्यपि सम्मान से असम्मान कर्म अधिक हुआ। जातिवाद का पौधा भी कम्युनिस्टों ने ही लगाया था। पहले अज्ञेय शत्रु नम्बर एक थे। अब रामविलास शर्मा को शत्रु माना जाने लगा है।

दलित सीधी बात करता है। जो दलित का लिखा नहीं है वह नहीं है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं।

पत्र-पत्रिकाओं की बन्दी। विश्वविद्यालयों की शिक्षा का गिरता स्तर। टी०वी० का प्रभाव नये साहित्यकारों के आगे आने में संकट हैं। विश्वविद्यालय, कालेजों आदि की नियुक्तियाँ अधिक वैज्ञानिक बनायी जा रही हैं। उनमें आरक्षण भी है। अत: दलित साहित्य का भविष्य उज्ज्वल है। मारा जायगा ललित और बौद्धिक साहित्य। वर्ग चेतना और जाति चेतना। दोनों ही साहित्य-चेतना नहीं हो सकती हैं। दलित राजनीति जातियों में बँट रही है। दलित साहित्य भी जाति में बँटेगा। पहले कबीर दलित माने जाते थे अब रैदास दलित हैं। कम्युनिस्ट दलितों पर लिख कर छाती फुलाते थे। अब दलित स्वयं मैदान में हैं। उन्हें कम्युनिस्टों की फूली छाती पसन्द नहीं है। कम्युनिस्ट साहित्य में दूसरा पक्ष था, दलित तीसरा पक्ष है।

—युगेश्वर

कथाकार इसराइल नहीं रहे

हिन्दी के प्रमुख कथाकार **इसराइल** का 26 दिसम्बर को कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे और पीलिया से पीड़ित थे। दो चर्चित कहानी संकलन 'फर्क' और 'रोजनामचा' के लेखक इसराइल का जन्म नवम्बर 1935 में बिहार के गोपालगंज जिले के तत्कालीन छपरा मुहम्मदपुर गाँव में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था।

कथ्य-अकथ्य

भूमण्डलीकरण के चलते हिन्दू, मुस्लिम संस्कृति खत्म नहीं होगी देश की प्रकृति के अनुरूप यहाँ संस्कृति का एक गुलदस्ता होगा।

भूमण्डलीकरण से अब एक नयी विश्व संस्कृति, विश्व साहित्य और विश्व समाज बन रहा है।

भूमण्डलीयकरण अब ब्रह्म और ब्रह्माण्ड से भी ऊपर की चीज हो गया है। भूगोल विभाग का ग्लोब अब ग्लोबलाइजेशन के बाद कामर्स, इकोनामिक्स समेत कई विभागों में अपनी घुसपैठ कर चुका है।

जब पूरी दुनिया के पास सत्ता का कोई केन्द्र नहीं होगा, कोई साम्राज्य नहीं होगा तो विश्व संस्कृति के उपवन में ऐसे फूल खिलेंगे, ऐसा गुलदस्ता बनेगा जिसमें कई रंग, कई तरह की सभ्यता, संस्कृति, खुशबू और एक खुला आसमान नजर आयेगा तब विरोध का सिर्फ एक तरीका होगा असहयोग और यही असहयोग महात्मा गाँधी का सबसे बड़ा अस्त्र रहा है।

वह समय भी जल्द आयेगा जब एक बार महात्मा गाँधी के सिद्धान्त प्रासंगिक होंगे क्योंकि पूँजीवाद से अस्त्र-शस्त्रों के बल पर लड़ाई लड़ना बहुत कठिन है। यहाँ सिर्फ असहयोग की नीति अपनाकर ही जीत हो सकती है।

मैं साहित्य से संचालित होता हूँ। आज मैं पुराने साहित्यकारों और आज के कृतिकारों की धूल साफ कर रहा हूँ।

आलोचक का धर्म-कर्म निमित्त होने में है। किसी भी आलोचक के लिए उसकी आलोचना महत्त्वपूर्ण होती है। रचनाकार और आलोचक दोनों एक ही पथ के सहचर हैं। **—नामवर सिंह**

★ ★ ★

नामवर अद्‌भुत प्रतिभा से अपनी बात को चमत्कारिक शैली में व्यक्त करना जानते हैं। उन्हें हिन्दी साहित्य के इतिहास की रचना करनी चाहिए।

—विष्णुकान्त शास्त्री, *राज्यपाल,* उत्तर प्रदेश

★ ★ ★

हिन्दी के पास यदि नामवर जी नहीं होते तो हिन्दी भाषा में शून्य की स्थिति पैदा होती। उनकी उपस्थिति विचार और विवाद के साथ है। वे सर्वश्रेष्ठ आलोचक हैं। हिन्दी भाषा विवेक, विनम्रता और सौजन्यता के साथ विद्रोह की भाषा है। नामवर जी ने विद्रोह व विवेक को अपनी जड़ता से बाहर निकाला है। **—डॉ० प्रभाकर श्रोत्रिय**

★ ★ ★

अब (साहित्य) पढ़नेवालों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। भाषाई राजनीति के कारण उर्दू के पाठकों की संख्या लगातार गिर रही है।

साहित्य पढ़ने से कल्पनाओं को विस्तार मिलता है और सोचने समझने की क्षमता बढ़ती है। साहित्य जब दृश्य प्रचार माध्यमों पर आता है तो सारा ध्यान छवि पर केन्द्रित हो जाता है और सोचने-समझने का कोई मौका नहीं मिलता।

बच्चों को केन्द्रित कर बहुत कम लिखा गया है और जो लिखा गया उसे सम्भाला, सहेजा ही नहीं गया।

प्रत्येक दौर में मार काट रही है, लूटपाट रही है और उथल-पुथल रही है। लेकिन श्रेष्ठ और समाजोपयोगी साहित्य लिखा गया है। सूफी और भक्ति आन्दोलन के दौरान लिखा गया साहित्य प्रत्येक आदमी को पढ़ना चाहिए। **—कुर्रतुलएन हैदर**

★ ★ ★

अधिक से अधिक पाठकों को आकर्षित करने के लिए देश की मातृभाषा हिन्दी में सुरुचि बढ़ाने की आवश्यकता है। हिन्दी साहित्य और पुस्तकों से आम लोगों की दिलचस्पी घट रही है। बाहरी लोगों से हिन्दी की मौजूदा स्थिति में सुधार की उम्मीद नहीं कर सकते।

हिन्दी के प्रति सुरुचि बढ़ाने के लिए कुछ किया जाना चाहिए। यह भाषा मौजूदा समय में अनाथ हो गयी है जबकि इस भाषा को अधिक आत्मसम्मान की आवश्यकता है। **—जसवंत सिंह**

★ ★ ★

संरक्षण के अभाव में हिन्दी की पुस्तकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। देश में हिन्दी बोलने वाले लोगों की विशाल आबादी है लेकिन इसके बावजूद हिन्दी कहीं नहीं है। **—निर्मल वर्मा**

आचार्य कुँवर चन्द्रप्रकाश सिंह की 92वीं जयन्ती

हिन्दी देश का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए हिन्दी दिवस को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। चूँकि भारत माता अट्ठारह भाषाओं में बोलती हैं। इसलिए भारत में बोली जाने वाली किसी भी एक भाषा को हिन्दी के साथ सीखकर भारत की उन्नति में रचनात्मक योगदान करना होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी समिति के संस्थापक आचार्य कुँवर चन्द्रप्रकाश सिंह की साहित्य सेवा अति विशिष्ट थी तथा वे मनीषी आचार्य तो थे ही, साथ ही भक्त भी थे। राज्यपाल श्री विष्णुकान्त शास्त्री आचार्य कुँवर चन्द्रप्रकाश सिंह को स्मरण करते हुए उनकी 92वीं जयन्ती पर आयोजित समारोह में वयोवृद्ध मनीषी डॉक्टर फतेह सिंह को कुँवर चन्द्रप्रकाश सिंह 'साहित्य शिरोमणि सम्मान' से विभूषित किया गया तथा सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह ताम्रपत्र तथा रु० 50,000/- नकद भेंट किये। दक्षिण भारत की विदुषी साहित्यकार स्वर्गीया तुलसी जयरामन की स्मृति में स्थापित तुलसी जयरामन बाल साहित्य शिरोमणि सम्मान चेन्नई से पधारे वयोवृद्ध बाल साहित्यकार डॉ० बाल शौरि रेड्डी को रु० 10,000 नकद, स्मृति चिन्ह तथा ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया।

पाक भारत के साथ शैक्षिक प्रतिबन्ध

पाकिस्तान ने भारत की शैक्षिक, व्यावसायिक व शोध संस्थाओं के साथ किसी भी तरह के सहयोग या सहायता पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगा दिया है और अपनी सभी सम्बद्ध संस्थाओं को उनसे सम्बन्ध तोड़ लेने का आदेश दिया है।

स्मृति-शेष

दो प्रज्ञा पुरुष का लोकान्तरण

दो दिन के अन्तराल में अपने-अपने क्षेत्र के दो आचार्यों के निधन से प्रबुद्ध वर्ग शोकाकुल हो गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष तथा मेरठ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **डॉ० रामलोचन सिंह** का 20 दिसम्बर को 84 वर्ष की आयु में देहान्त हो गया। दो दिन बाद 22 दिसम्बर को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व लब्धकीर्त्ति अध्यक्ष **डॉ० हीरालाल सिंह** का 87 वर्ष की आयु में शरीरान्त हो गया। दोनों ही व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र के अग्रिम पंक्ति के विद्वान थे। रामलोचन सिंह का जन्म जौनपुर जनपद के डोभी विकास क्षेत्र के बहिरी गाँव में हुआ था। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर महामना मालवीयजी ने सन् 1946 में उन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में नियुक्त किया। किसी विशेष अध्ययन के लिए वे लन्दन गये और लन्दन स्कूल ऑफ इकनामिक्स से पी-एच० डी० उपाधि पायी। वहीं उस समय के भूगोल शास्त्र के विश्वविख्यात विद्वान उडले स्टैम्प से उनकी भेंट हुई और उनके मार्गदर्शन में प्रो० सिंह ने भूगोल के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से अवकाश ग्रहण करने के बाद वे मेरठ विश्वविद्यालय के कुलपति हुए। उनका निधन भूगोल की दुनिया की भारी क्षति है।

प्रख्यात इतिहासकार तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान संकाय के पूर्व प्रमुख प्रो० हीरालाल सिंह का 22 दिसम्बर को वाराणसी में देहान्त हो गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एम०ए० की परीक्षा में स्वर्णपदक प्राप्त प्रो० सिंह ने लन्दन से पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की थी। इतिहासकारों में उनका सम्मानजनक स्थान था। कुछ वर्षों तक गोरखपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष थे। उनका जन्म गाजीपुर जनपद के खानपुर गाँव में सन् 1915 में हुआ था। प्रो० रामलोचन सिंह और प्रो० हीरालाल सिंह दोनों ही अपने-अपने समय में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रमुख प्राध्यापकों में प्रतिष्ठित थे।

ब्रह्मदेव मधुर का निधन

वाराणसी के प्रतिष्ठित चित्रकार और कवि **ब्रह्मदेव मधुर** का 4 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। मधुर वाणी के बहुचर्चित कवि मधुर लोक व्यवहार में निपुण थे। चित्रकारिता में प्राचीन और आधुनिक दृष्टियों के वे सशक्तवादी कलाकार थे।

श्यामनारायण कपूर

कानपुर के 'साहित्य निकेतन' प्रकाशन के संचालक, साहित्यकार और विज्ञान-विषयक कई ग्रंथों के लेखक **श्यामनारायण कपूर** का 18 नवम्बर को 94 वर्ष की आयु में देहान्त हो गया। उ०प्र० हिन्दी संस्थान तथा प्रयाग के हिन्दी साहित्य सम्मेलन से अलंकृत कपूरजी हिन्दी में विज्ञान विषयक बीस पुस्तकों के लेखक रहे हैं।

हास-हास-इतिहास

आज के विवाद की जड़ उस मार्क्सवादी मानसिकता में है जो विद्यार्थियों में, इतिहास-लेखन के माध्यम से, भारत की संस्कृति, सभ्यता, धर्म एवं मूल्यों आदि के प्रति घोर अनास्था पैदा करती है। इसका उद्देश्य उनमें देश-प्रेम, सर्वधर्म समभाव, मैत्री, करुणा जैसे गुणों का समावेश करना नहीं है। उन्हें गाँधी-भक्त नहीं लेनिन-भक्त बनाने का प्रयत्न है तभी तो जहाँ लेनिन की पूरे पृष्ठ की फोटो छापी जाती है वहीं बेचारे गाँधी एक छोटे से रेखाचित्र में सिमट कर रह गए हैं। **—डॉ० स्वराज्य प्रकाश गुप्त**

❑❑❑

हर इतिहास तथ्यों से नहीं बल्कि इतिहासकार के पूर्वाग्रह से बनता है, अत: असली विवाद यह है कि पूर्व में प्रतिष्ठित इन इतिहासकारों के तथा वर्तमान सरकार के पूर्वाग्रहों में से कौन सा अपनाया जाए। जाहिर है कि सरकार का पूर्वाग्रह आज की जन चेतना के अनुकूल है अत: उसे ही अपनाया जाना चाहिए। वास्तव में इतिहास का आज के वातावरण के अनुकूल पुनर्लेखन करके जनता के समक्ष प्रस्तुत कर सके।

हर इतिहास पूर्वाग्रह से ग्रसित होता है। इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। वर्तमान पाठ्य-पुस्तकें आज से 40 वर्ष पूर्व लिखी गई थीं। उस समय नेहरू के समाजवाद का बोलबाला था। उस समय उन इतिहासकारों को चुना गया जो इस चिंतन का अनुमोदन करते थे तथा उन्होंने अपने पूर्वाग्रह के अनुसार उन तथ्यों को चुना जिनसे उनके द्वारा वांछित निष्कर्ष निकाले जा सकते थे। अब समय बदल गया है। भारतीयकरण का विचार प्रबल हो रहा है। अत: वर्तमान राजनीतिज्ञ चाहते हैं कि आज की प्रमुख विचारधारा के अनुकूल ऐतिहासिक तथ्यों का चयन किया जाए। इस प्रकार यह विवाद पूर्व के पेशेवर इतिहासकारों बनाम आज के राजनीतिज्ञों का बन जाता है। ऐसा कहा जा सकता है कि राजनीतिज्ञ इतिहास के क्षेत्र में दखल कर रहे हैं। यह सही भी है, परन्तु वास्तविक विवाद पूर्व के राजनीतिज्ञों ने अपने पूर्वाग्रह के अनुकूल इतिहासकारों को चुना था। जो इतिहासकार अपने पेशेवर उत्कृष्टता की दुहाई दे रहे हैं वे वास्तव में पूर्व के राजनीतिज्ञों के नमुाइन्दे मात्र हैं। यह विवाद मात्र बदलते राजनीतिक वातावरण का द्योतक है। सरकार को खुल कर कहना चाहिए कि हर साल इतिहास की एक प्रमुख विचारधारा होती है। यह विचारधारा बदल रही है, अत: इतिहास को बदलना आवश्यक ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है। नए इतिहासकारों को उन तथ्यों को खोजना होगा जो कि वर्तमान विचारधारा से मेल खाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि एक इतिहास समीक्षा आयोग का गठन किया जाए जो इस कार्य को सम्पन्न करे। पूर्व में प्रभावी विद्वान इतिहासकारों को समझना चाहिए कि उनका समय ढल गया है। **—भरत झुनझुनवाला**

❑❑❑

बच्चों में किसी भी धर्म के बरे में गलत संस्कार डालने वाली पाठ्य पुस्तकें स्कूलों से हटाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकों में ऐसे पाठ्यक्रम भी नहीं होने चाहिए, जिनमें महापुरुषों के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया हो।

—डॉ० मुरलीमनोहर जोशी

❑❑❑

छवि ध्वंस और छवि निर्माण पर पलने वाली आज की भारतीय राजनीति में इसे किसी अभियान की सफलता ही कहा जायगा। ऐसे अभियान को सफल बनाने के लिए कुछ शिक्षकों, पत्रकारों और राजनीतिज्ञों के बीच गहरा तालमेल आवश्यक होता है। तालमेल के बिना ऐसा कैसे हो सकता है कि जो सर्कुलर सी०बी०एस०ई० के कार्यालय से 23 अक्टूबर को हजारों विद्यालयों को भेजा गया हो वह एक महीने के बाद एक साथ कई अखबारों में काफी मिर्च मसाले के साथ पहले पन्ने पर प्रकाशित हो और उसके प्रकाशन के लिए 23 नवम्बर का दिन ही चुना जाए क्योंकि संसद के शीतकालीन सत्र में वह दिन मानव संसाधन मंत्रालय पर बहस के लिए पहले से निर्धारित था। इसलिए उस समाचार को ही मुख्य मुद्दा बनाकर आक्रोश का प्रदर्शन किया जा सकता था। संसद के हंगामें का प्रचार-माध्यमों पर छाना स्वाभाविक ही है।

शिक्षा के संघीकरण, भगवाकरण या तालिबानीकरण को लेकर 1998 में भाजपा-नीत राजग सरकार की स्थापना के क्षण से ही जो अभियान चलाया जा रहा है उसके सूत्रधार कुछ ऐसे इतिहासकारों को कहा जा सकता है, जिनमें से अधिकांश कम्युनिस्ट पार्टियों के कार्ड-होल्डर सदस्य रहे हैं। इनकी संख्या दस से अधिक नहीं है। आप जानना चाहेंगे इसलिए नाम ले देता हूँ—रामशरण शर्मा, रोमिला थापर, सतीशचंद्र, बिपिनचंद्र, इरफान हबीब, के०एन० पणिकर, सुमित सरकार, डी०एन० झा, के०एम० श्रीमाली और अर्जुन देव।

वैज्ञानिक लेखन की माँग होती है कि पाठ्यक्रम की समय-समय पर समीक्षा की जाए और अधुनातन शोध के आलोक में पाठ्य-पुस्तकों का पुनर्लेखन हो। कोई भी पाठ्य-पुस्तक सदा सर्वदा के लिए बनी नहीं रह सकती।

कोई भी विशेषज्ञ, जिसने कभी विश्वविद्यालय स्तर से नीचे न पढ़ाया हो, छठी कक्षा के बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकें लिखने का सर्वोत्तम अधिकारी हो सकता है? प्राचीन भरतीय इतिहास के किसी विशेषज्ञ को मध्यकालीन भारत का इतिहास लिखने की मजबूरी क्या हो सकती है? प्रो० रोमिला थापर प्राचीन भारतीय इतिहास की विशेषज्ञ मानी जाती हैं और उनका पूरा जीवन विश्वविद्यालयों में ही व्यतीत हुआ किन्तु उन्होंने कक्षा 7 के लिए 'मध्यकालीन भारत' पुस्तक लिख डाली।

इतिहास जानकारियों का ढेर है किन्तु यह सब जानकारी निचली कक्षाओं के बच्चों पर नहीं थोपी जा सकती। प्राथमिक, माध्यमिक व विश्वविद्यालय स्तर तक क्रमश: जानकारी का विस्तार करना होता है।

इतिहास लेखक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय और सामाजिक एकता व सद्भाव को बढ़ाना होना चाहिए।

—देवेन्द्र स्वरूप

स्तालिनवादी इतिहासकारों द्वारा प्रचारित सफेद झूठ

लेखक : **सीताराम गोयल**

अनुवाद : **केशवप्रसाद कायाँ**

45.00

भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही हमारे देश की शिक्षण एवं सांस्कृतिक संस्थाओं पर साम्यवादियों का वर्चस्व रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समाजवादी आदर्शों तथा सोवियत रूस के प्रति सहानुभूति के फलस्वरूप साम्यवादी विचारधारा वाले तथाकथित बुद्धिजीवियों को देश की सर्वोच्च संस्थाओं पर हावी होने का सुअवसर प्राप्त हो गया। इन साहित्यकारों एवं इतिहासकारों ने देश के राजनीतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर विकृत करने में कोई कसर नहीं रखी। साम्यवादी इतिहासकारों के मन में श्रेष्ठता का अभिमान इस कदर भरा हुआ है कि वे अपने से भिन्न मत रखने वालों को बुद्धिजीवी मानने को ही तैयार नहीं हैं और तो और उनके द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जवाब देना भी वे अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा के पुरातात्विक निष्कर्षों के विवाद पर उठाए गए प्रश्नों के जवाब को किस प्रकार वे टालते रहे हैं, यह पुस्तक इस तथ्य पर प्रकाश डालती है।

विश्वविद्यालय प्रकाशन

चौक, वाराणसी

में निम्नलिखित पत्रिकाएँ

नियमित रूप से उपलब्ध हैं

1. आलोचना (त्रैमासिक)
2. बहुवचन (अर्द्धवार्षिक)
3. सहित (अद्धवार्षिक)
4. वागर्थ (मासिक)
5. वर्तमान साहित्य (मासिक)
6. पहल (त्रैमासिक)
7. कसौटी (त्रैमासिक)
